प्रकाशित समाचार

दिनांक : बुधवार, 01 जुलाई ,2020

पृष्ठ संख्या : 12

डेली हिन्दी मिलाप

DAILY HINDI MILAP

Hyderabad

बाहुड़ा यात्रा का आयोजन आज

दूरदर्शन केन्द्र में पत्रकार सम्मेलन आयोजित

भुवनेश्वर, 30 जून-(मिलाप ब्यूरो) श्री जगन्नाथ पुरी में पहली जुलाई को निकलने वाली जगन्नाथ भगवान की बाहुड़ा यात्रा समेत दो जुलाई को चतुर्धा देव विग्रहों के लिए सोना वेष, तीन जुलाई को अधरपड़ा तथा चार जुलाई को महाप्रभु के नीलाद्रि विजय कार्यक्रमों के ओडिया क्षेत्रीय चैनलों पर सीधे प्रसारण के लिए दूर्दर्शन केंद्र, भुवनेश्वर द्वारा पत्रकार सम्मेलन बुलाया गया।

आज यहाँ अशोक पांडे द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, सम्मेलन में अनेक क्षेत्रीय टेलीविजन चैनलों के प्रतिनिधिगण समेत अनेक स्थानीय समाचार-पत्रों के प्रतिनिधगण उपस्थित थे। अपने संबोधन में केन्द्र की कार्यक्रम हेड दीप्ति मिश्रा ने बताया कि कोरोना संक्रमण के चलते इस वर्ष की देवस्नान पूर्णिमा 23 जून को भगवान जगन्नाथ की विश्व प्रसिद्ध रथयात्रा के सीधे प्रसारण के लिए विज्युअल्स समेत सीधे प्रसारण की जिम्मेदारी दूरदर्शन को सौंपी गई थी। साथ ही साथ रथयात्रा के उपरांत बाहुड़ा यात्रा, सोना वेष, अधरपड़ा तथा नीलाद्रि विजय आदि के सीधे प्रसारण के लिए सभी प्रकार के विज्युअल्स का जिम्मा दूरदर्शन को प्राप्त है। सच तो यह है कि दूरदर्शन द्वारा उपलब्ध विज्युअल्स गुणवत्तापूर्ण सिद्ध हुए हैं। दीप्ति मिश्रा ने यह भी बताया कि पुरी में दूरदर्शन की ओर से पहली बार ड्रोन समेत 12 डिजिटल हाई डेफिनेशन कैमरों का इस्तेमाल किया गया, जो आगे भी रहेगा।

अवसर पर केन्द्र के अधीक्षक अभियंता ध्रुव नन्द ने बताया कि जिस प्रकार अबतक दूरदर्शन द्वारा देवस्नान पूर्णिमा तथा रथयात्रा के प्रसारण में अपने विज्युअल्स की गुणवत्ता तथा विश्वसनीयता को सही सिद्ध किया गया है, वह बाहुड़ा यात्रा, सोना वेष, अधरपड़ा तथा नीलाद्रि विजय में भी होगा। बाहुड़ा यात्रा का ओडिया में सीधा प्रसारण डीडी ओडिया पर पहली जुलाई को सुबह 7.30 बजे आरंभ होगा। इसी प्रकार सोना वेष का डीडी ओडिया पर सीधा प्रसारण दो जुलाई को मध्याह्न 3.30 बजे से लेकर रात 8.00 बजे तक होगा। अधरपड़ा का सीधा प्रसारण तीन जुलाई को डीडी ओडिया पर शाम 4.30 बजे से तथा महाप्रभु के नीलाद्रि विजय का सीधा प्रसारण 4 जुलाई को मध्याह्न 3.30 बजे से आरंभ होगा। इन सभी कार्यक्रमों को समस्त ओडिया चैनलों समेत एनआईसी द्वारा रथयात्रा डॉट एनआईसी डॉट इन पर तथा यूट्यूब पर डीडी-ओडिया के माध्यम से प्रसारित किया जाएगा। पत्रकार सम्मेलन में दूरदर्शन केन्द्र के संयुक्त निदेशक समाचार बीएन अधिकारी, सहायक निदेशक इंजीनियरिंग पीके लेंका, कार्यक्रम कार्यपालक संयोजक पीके पटनायक, प्रशासनिक अधिकारी लक्ष्मण साहू, कैमरामैन आलोक महापात्र तथा सहायक अनुसंधान अधिकारी गणेश त्रिपाठी उपस्थित थे।